# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 27 August 2026


# हनुमानगढ़ मे नंशे के खिलाफ भारतीय किसान संघ का महाअभियान शुरू, एसडीएम राहुल श्रीवास्तव ने किया जनजागरण अभियान का शुभारंभ


राजेश चौधरी



Published on 30 Jun 2026





राजेश चौधरी | हनुमानगढ़ | समाचार वाणी न्यूज़
हनुमानगढ़ जिले के नोहर में भारतीय किसान संघ ने नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरण अभियान की शुरुआत की। अभियान के तहत उपखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में फ्लेक्स और पोस्टर का विमोचन कर लोगों को नशा मुक्त समाज बनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी राहुल श्रीवास्तव, अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष मांगेराम गोदारा, भारतीय किसान संघ के चेयरमैन राजेंद्र सिहाग, महामंत्री पृथ्वी साहू तथा उपाध्यक्ष गंगाराम बेनीवाल ने संयुक्त रूप से अभियान का शुभारंभ किया।

गांव-गांव चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

भारतीय किसान संघ के महामंत्री पृथ्वी साहू ने बताया कि क्षेत्र के युवा तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, जो समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इसी को ध्यान में रखते हुए संगठन ने नशा विरुद्ध जनजागरण अभियान शुरू किया है।

उन्होंने बताया कि किसान संघ के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर युवाओं और आमजन को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देंगे तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

आमजन से सहयोग की अपील

भारतीय किसान संघ ने इस अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए आमजन से सहयोग की अपील की है। संगठन का कहना है कि समाज के सामूहिक प्रयासों से ही नशे जैसी सामाजिक बुराई पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

संघ ने लोगों से आग्रह किया कि यदि किसी गांव या क्षेत्र में कोई व्यक्ति नशे का अवैध कारोबार करता है, तो इसकी सूचना किसान

संघ के कार्यकर्ताओं को दें, ताकि संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी और सामाजिक स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

नशा बेचने वालों के खिलाफ होगा आंदोलन

चेयरमैन राजेंद्र सिहाग ने कहा कि भारतीय किसान संघ नशा बेचने वालों के खिलाफ मजबूती से संघर्ष करेगा और आवश्यकता पड़ने पर जन आंदोलन भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को नशे की लत से बचाकर उन्हें सकारात्मक दिशा देना है।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रशासन, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों का सहयोग बेहद आवश्यक है। भारतीय किसान संघ इस दिशा में लगातार जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करता रहेगा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.